राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर बिहारवासियों को प्रभु यीशु के संदेशों से प्रेरणा ग्रहण करने का अनुरोध किया

पटना, 09 अप्रैल 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर बिहारवासियों को प्रभु यीशु के 'संदेशों' से प्रेरणा ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

राज्यपाल ने कहा है कि 'गुड फ्राइडे' प्रभु यीशु के बलिदान का पुण्य स्मृति–दिवस है। उन्होंने कहा है कि ईसा मसीह ने अपने जीवनादर्शों एवं बलिदान के माध्यम से मनुष्य को भाईचारा, त्याग एवं प्रेम का संदेश दिया। उनके उपदेश आज भी हमें प्रेम और सत्य के मार्ग पर निरन्तर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

राज्यपाल ने कहा है कि 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर हमें प्रभु यीशु द्वारा बताये गये जीवन–मूल्यों के अनुसरण का संकल्प लेना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा है कि राज्य में 'कोरोना वायरस' के संक्रमण से बचाव के लिए 'सोशल डिस्टेन्सिंग' एवं 'लॉक–डाऊन' सहित अन्य सभी मार्ग–निर्देशों पर भी पूरी तरह अमल होना चाहिए।

....